कोलकाता, 14 जून (भाषा)।

पूर्व वायुसेना अध्यक्ष एयर चीफ मार्शल अरूप राहा (सेवानिवृत्त) ने शनिवार को दावा किया कि 12 जून को अहमदाबाद हवाई अड्डे के निकट दुर्घटनाग्रस्त हुए एअर इंडिया के विमान के इंजन में निश्चित रूप से महत्त्वपूर्ण चरण में ऊर्जा बाधित हो गई थी और उसे ठीक करने का कोई समय नहीं था। उन्होंने कहा कि दुर्घटना के पीछे कई अन्य कारण भी हो सकते हैं, जैसे ईंधन में मिलावट, तथा साफ्टवेयर और नियंत्रण प्रणालियों में गड़बड़ी।

राहा ने कुछ लोगों द्वारा जताई गई तोड़फोड़ की आशंका को खारिज करते हुए कहा कि सभी तरह की अटकलों से बचना चाहिए और नागरिक विमानन महानिदेशालय (डीजीसीए) द्वारा जांच पूरी होने तक इंतजार किया जाना चाहिए। अहमदाबाद से लंदन के गैटविक जा रही एअर इंडिया की उड़ान एआइ 171 गुरुवार को सरदार वल्लभभाई पटेल हवाई अड्डे से उड़ान भरने के कुछ ही देर बाद एक मेडिकल कालेज परिसर की इमारतों से टकरा गया, जिससे विमान में सवार 242 लोगों में से 241 लोगों की मौत हो गई, तथा जमीन पर भी कई अन्य लोग मारे गए।

पूर्व वायुसेना प्रमुख ने रक्षा क्षेत्र में एमएसएमई की भूमिका पर कहा कि यह बहुत दुखद और हृदय विदारक है। इतने सारे लोग एक साथ मारे गए। अभी यह कहना बहुत मुश्किल है कि क्या गलत हुआ है। उन्होंने कहा कि निश्चित रूप से ऊर्जा में कमी आई और एक महत्त्वपूर्ण चरण में... आप जमीन से हवा में उड़ रहे हैं, आपकी ऊंचाई कम है। संभलने का कोई समय नहीं था। और इंजन की शक्ति में कमी के परिणामस्वरूप विमान रुक जाएगा... (विमान) फिर बहुत तेजी से नीचे गिरेगा और दुर्घटनाग्रस्त हो जाएगा। और यही हुआ था।

वायुसेना के पूर्व अधिकारी ने कहा कि बोइंग 787–8 ड्रीमलाइनर के इंजन 'धकेलते' हैं और एक साथ दोनों इंजनों की ऊर्जा बाधित होना बहुत दुर्लभ है – 'शायद एक अरब मामलों में एक'। राहा ने कहा कि यह कहना कठिन है कि कहां गलती हुई। उन्होंने अन्य संभावनाओं के बारे में भी बात की। राहा ने कहा कि साफ्टवेयर में कोई समस्या हो सकती है, नियंत्रण (प्रणाली) में कुछ समस्या हो सकती है, ईंधन में संदूषण हो सकता है... लेकिन मैं तोड़फोड़ की बात पर विश्वास नहीं करता। ऊर्जा आपूर्ति बंद हो जाना किसी गड़बड़ी का संकेत है। उन्होंने कहा कि जब तक डीजीसीए और सरकार की अन्य एजंसियां जांच पूरी नहीं कर लेतीं, हमें कोई बेबुनियाद दावा नहीं करना चाहिए।

राहा ने जमीन पर काम करने वाले कर्मियों की भूमिका के बारे में पूछे जाने पर कहा कि उन्हें विमान द्वारा उठाए गए वजन का प्रमाण पत्र देना होता है। राहा ने कहा कि जमीन पर मौजूद इन सूचनाओं के आधार पर पायलट उड़ान भरता है। आप निर्धारित आंकड़ों में कई किलोग्राम नहीं जोड़ सकते। लेकिन जैसा कि मैंने कहा कि जांच से कारण और कारक सामने आएंगे।

वायुसेना के पूर्व अधिकारी ने कहा कि उन्हें नहीं लगता कि बोइंग 787–8 विमान के दुर्घटनाग्रस्त होने का कारण पक्षी का टकराना हो सकता है। राहा ने कहा कि उनकी अपनी ही कंपनी के व्हिसलब्लोअर द्वारा शिकायतें की गई थीं। मुझे लगता है कि उनकी जांच होनी चाहिए। इससे पहले आइसीसी कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उन्होंने विमान इंजन का निर्माण देश में ही करने की वकालत की।

**उन्होंने** कहा कि दुर्घटना के पीछे कई अन्य कारण भी हो सकते हैं, जैसे ईंधन में मिलावट, तथा साफ्टवेयर और नियंत्रण प्रणालियों में गड़बड़ी।

### 'आपरेशन सिंदूर' ने भारतीय सशस्त्र बलों की अभियानगत क्षमता का प्रदर्शन किया

कोलकाता, 14 जून (भाषा)।

वायुसेना के पूर्व प्रमुख एयर चीफ मार्शल (सेवानिवृत्त) अरूप राहा ने शनिवार को कहा कि पहलगाम हमले के बाद पाकिस्तान में आतंकी ठिकानों को नष्ट करने के लिए किए गए 'आपरेशन सिंदूर' ने भारतीय सशस्त्र बलों की वास्तविक अभियानगत क्षमता को प्रदर्शित किया है।

उन्होंने रक्षा क्षेत्र में एमएसएमई की भूमिका पर इंडियन चैंबर आफ कामर्स (आइसीसी) द्वारा आयोजित एक सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि 'आपरेशन सिंदूर' ने देश की उन जबरदस्त क्षमताओं को प्रदर्शित किया है, जो उसने पिछले कुछ वर्षों में हासिल की हैं। पूर्व वायुसेना प्रमुख ने ब्रह्मोस सुपरसोनिक मिसाइलों की सफलता पर गर्व करते हुए याद दिलाया कि यह परियोजना कई वर्ष पहले शुरू हुई थी।

## खबर कोना

### स्नातक की कक्षाएं एक अगस्त से शुरू होंगी

कोलकाता, 14 जून (जनसत्ता)।

स्नातक स्तर की कक्षाएं आगामी एक अगस्त से पहले शुरू होंगी। इसके पहले राज्य शिक्षा विभाग की ओर से केंद्रीयकृत भर्ती पोर्टल (सेंट्रलाइज्ड एडमिशन पोर्टल) के जरिए आगामी 18 जून से भर्ती प्रक्रिया शुरू करने जा रहा है। एक अधिकारी ने बताया कि 18 जून से लेकर एक जुलाई तक भर्ती के लिए आवेदन किया जा सकेगा। इसके बाद पहली मेरिट लिस्ट 6 जुलाई को प्रकाशित की जाएगी। 6 जुलाई से लेकर 12 जुलाई तक भर्ती प्रक्रिया चलेगी। दूसरी मेरिट लिस्ट 17 जुलाई को प्रकाशित होगी और 17 से लेकर 20 जुलाई तक भर्ती होगी। मालूम हो कि पिछले साल 19 जून को केंद्रीयकृत भर्ती पोर्टल का उद्घाटन हुआ था और 24 जून से उसने काम करना शुरू कर दिया था। 7 अगस्त से स्नातक की कक्षाएं शुरू हो गई थीं। सूचना के मुताबिक, आवेदन के लिए किसी तरह की फीस नहीं देनी होगी, मुफ्त में आवेदन किया जा सकेगा।

### पंप हाउस में ग्रामीणों ने लगाया ताला

कोलकाता, 14 जून (एजंसी)।

झाड़ग्राम जिला अंतर्गत सांकराइल ब्लाक के रोहणी अंचल स्थित बहादुरपुर गांव में मौजूद एक पंप हाउस में स्थानीय लोगों ने शनिवार को ताला लगा दिया। इसके चलते बहादुरपुर, हरेकृष्णपुर समेत आसपास के कई इलाकों में पेयजल संकट उत्पन्न हो गया है। स्थानीय लोगों का आरोप है कि जनस्वास्थ्य कारीगरी विभाग की एक जल प्रकल्प योजना के तहत पंप हाउस में आपरेटर की नियुक्ति प्रक्रिया में घोटाला हुआ है। स्थानीय योग्य युवकों को नजरअंदाज कर विभाग के कुछ कर्मियों ने मोटी रकम लेकर बाहरी लोगों को पंप आपरेटर नियुक्त किया है। ग्रामीणों ने इस नियुक्ति का विरोध करते हुए पंप हाउस में ताला जड़ दिया और मांग की कि आपरेटर के पद पर स्थानीय युवकों को ही नियुक्त किया जाए।

## तृणमूल की रैली के पोस्टरों पर केवल ममता की होगी तस्वीर

कोलकाता, 14 जून (भाषा)।

तृणमूल ने फैसला किया है कि 21 जुलाई की शहीद दिवस रैली के सभी आधिकारिक पोस्टरों पर केवल पार्टी प्रमुख ममता बनर्जी की तस्वीर होगी, क्योंकि राष्ट्रीय महासचिव अभिषेक बनर्जी ने अपनी तस्वीर नहीं लगाने का अनुरोध करते हुए कहा है कि वह 1993 में हुए मूल आंदोलन का हिस्सा नहीं थे।



ममता बनर्जी के भतीजे और पार्टी में दूसरे नंबर के नेता अभिषेक के इस फैसले ने राजनीतिक हलकों में हलचल पैदा कर दी है और पार्टी की आंतरिक स्थिति को लेकर अटकलें लगाई जाने लगी हैं।

तृणमूल के वरिष्ठ सांसद सुदीप बंद्योपाध्याय ने शनिवार को यहां पार्टी के भवानीपुर कार्यालय में हुई बैठक के बाद इस कदम की पुष्टि की। लोकसभा में पार्टी के नेता बंदोपाध्याय ने संवाददाताओं से कहा कि 21 जुलाई की रैली के पोस्टर में केवल ममता बनर्जी की तस्वीर होगी। अभिषेक बनर्जी ने खुद कहा था कि उनकी तस्वीर वहां नहीं होनी चाहिए, क्योंकि वह 1993 के मूल आंदोलन का हिस्सा नहीं थे। पार्टी नेताओं के अनुसार, अभिषेक बनर्जी ने 2011 में तृणमूल के सदस्य के रूप में राजनीति में प्रवेश किया और अंततः उन्हें तृणमूल युवा का अध्यक्ष बनाया गया, जिसका बाद में तृणमूल युवा कांग्रेस में विलय कर दिया गया। यह घोषणा पोस्टरों में नेताओं की तस्वीर को लेकर पार्टी के अंदर काफी समय से चल रही बहस के बीच की गई है। यह विवाद नवंबर 2023 से शुरू हुआ, जब नेताजी इंडोर स्टेडियम में एक बड़ी रैली की पृष्ठभूमि में केवल ममता की तस्वीर लगाई गई थी। उस समय पार्टी प्रवक्ता कुणाल घोष ने सार्वजनिक रूप से अभिषेक की तस्वीर नहीं लगाए जाने पर सवाल उठाया था, जिससे अंदरूनी बहस छिड़ गई थी। तृणमूल 1993 में पुलिस गोलीबारी में 13 लोगों की मौत की याद में हर वर्ष 21 जुलाई को शहीद दिवस रैली निकालती है।

## कई जिलों में आंधी–तूफान की संभावना

कोलकाता, 14 जून (एजंसी)।

अलीपुर मौसम विभाग ने शनिवार को अनुमान जताया है कि मानसून इसी सप्ताह आधिकारिक तौर पर दक्षिण बंगाल में प्रवेश कर सकता है। इस बीच, अलीपुर मौसम विभाग ने कोलकाता समेत दक्षिणी जिलों में आंधी–तूफान का अनुमान लगाया है।

कोलकाता में 30 से 40 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से तेज हवाएं चल सकती हैं। साथ ही भीषण गर्मी भी पड़ेगी। अगले दो दिनों में तापमान में कमी आने की संभावना नहीं है।

शनिवार को कोलकाता के कई इलाकों में मंगलवार तक गरज और बिजली के साथ छिटपुट बारिश होने की संभावना है। इसके साथ ही तेज हवाएं भी चलेंगी। हावड़ा, हुगली, उत्तर 24 परगना, बीरभूम, मुर्शिदाबाद और नादिया के लिए भी यही पूर्वानुमान है।

कुछ जगहों पर तेज हवाओं की गति 50 किमी प्रति घंटे तक पहुंच सकती है। इसके अलावा सोमवार से दक्षिण 24 परगना, पूर्व मेदिनीपुर, पश्चिम मेदिनीपुर, झारग्राम, पुरुलिया, बांकुड़ा, पूर्व बर्दवान और पश्चिम बर्दवान में भारी बारिश की संभावना है। इन जिलों में 7 से 11 सेमी बारिश हो सकती है।

**कोलकाता** में 30 से 40 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से तेज हवाएं चल सकती हैं। साथ ही भीषण गर्मी भी पड़ेगी।


### प्रपत्र ए

सार्वजनिक उद्घोषणा

[भारतीय ऋणशोधनाक्षमता तथा दिवालिया बोर्ड (कॉर्पोरेट व्यक्तियों के लिए ऋणशोधनाक्षमता समाधान प्रक्रिया) विनियमावली 2016 के विनियम 6 के अंतर्गत]

**जेनसोल इंजीनियरिंग लिमिटेड (सीआईआरपी के अंतर्गत) के ऋणदाताओं के ध्यानार्थ**

प्रासंगिक विवरण

| | | |
|---|---|---|
| 1. | कॉर्पोरेट देनदार का नाम | जेनसोल इंजीनियरिंग लिमिटेड |
| 2. | कॉर्पोरेट देनदार के निगमीकरण की तिथि | 25.09.2012 |
| 3. | प्राधिकरण जिसके अंतर्गत कॉर्पोरेट देनदार निगमीकृत / पंजीकृत है | रजिस्ट्रार ऑफ कंपनीज, अहमदाबाद |
| 4. | कॉर्पोरेट देनदार की कॉर्पोरेट पहचान संख्या / सीमित दायित्व पहचान सं. | L74210GJ2012PLC129176 |
| 5. | कॉर्पोरेट देनदार के पंजीकृत कार्यालय और प्रधान कार्यालय (यदि कोई हो) का पता | 15वाँ तल, ए ब्लॉक, वेस्टगेट बिजनेस बे, एस जी रोड, जीवराज पार्क, अहमदाबाद, अहमदाबाद नगर, गुजरात, भारत, 380051 |
| 6. | कॉर्पोरेट देनदार के संबंध में ऋणशोधनाक्षमता आरंभ होने की तिथि | 13.06.2025 |
| 7. | ऋणशोधनाक्षमता समाधान प्रक्रिया के समापन की अनुमानित तिथि | 10.12.2025 |
| 8. | अंतरिम समाधान व्यवसायी के रूप में कार्य करनेवाले ऋणशोधनाक्षमता व्यवसायी का नाम और पंजीकरण संख्या | केशव खानेजा IBBI/IPA-002/IP-N01131/2021-2022/13759 |
| 9. | बोर्ड के साथ पंजीकृतानुसार अंतरिम समाधान व्यवसायी का पता और ई–मेल | khanejakes@gmail.com सी–7, पार्थ अपार्टमेंट, रामदेव नगर, सैटेलाइट, अहमदाबाद– 38001 |
| 10. | अंतरिम समाधान व्यवसायी के साथ पत्राचार हेतु उपयोग किया जानेवाला पता और ई–मेल | cirpgensolengg@gmail.com 824, प्रथम तल, सेक्टर– 14, गुरुग्राम– 122001 |
| 11. | दावे प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि | 27.06.2025 |
| 12. | धारा 21 की उप–धारा (6ए) के उपवाक्य (बी) के अंतर्गत ऋणदाताओं की श्रेणियाँ, यदि कोई हों, जिन्हें अंतरिम समाधान व्यवसायी द्वारा सुनिश्चित किया गया है | एन. ए. |
| 13. | किसी वर्ग में ऋणदाताओं के प्राधिकृत प्रतिनिधि के रूप में कार्य करने हेतु चिन्हित ऋणशोधनाक्षमता व्यवसायियों के नाम (प्रत्येक वर्ग हेतु तीन नाम) | एन. ए. |
| 14. | (क) प्रासंगिक प्रपत्र और (ख) प्राधिकृत प्रतिनिधियों के विवरण यहाँ पर उपलब्ध हैं : | एन. ए. एन. ए. |

एतद्द्वारा यह सूचित किया जाता है कि राष्ट्रीय कंपनी विधिक न्यायाधिकरण ने 13–06–2025 को जेनसोल इंजीनियरिंग लिमिटेड (सीआईआरपी के अंतर्गत) की एक निगमित ऋणशोधनाक्षमता समाधान प्रक्रिया आरंभ करने का आदेश दिया है।

जेनसोल इंजीनियरिंग लिमिटेड (सीआईआरपी के अंतर्गत) के ऋणदाताओं को एतद्द्वारा प्रविष्टि सं. 10 के समक्ष वर्णित पते पर अंतरिम समाधान व्यवसायी के पास 27–06–2025 को अथवा इससे पूर्व साक्ष्य के साथ अपने दावे प्रस्तुत करने का आदेश दिया जाता है।

वित्तीय ऋणदातागण केवल इलेक्ट्रॉनिक माध्यमों द्वारा साक्ष्य के साथ अपने दावे प्रस्तुत करेंगे। समस्त अन्य ऋणदातागण व्यक्तिगत रूप में, डाक द्वारा अथवा इलेक्ट्रॉनिक माध्यमों से साक्ष्य सहित दावे प्रस्तुत कर सकते हैं। दावे के त्रुटिपूर्ण अथवा भ्रामक साक्ष्य प्रस्तुत करने पर दंडित किया जायेगा।

अंतरिम समाधान व्यवसायी
हस्ता./–
केशव खानेजा

दिनाँक तथा स्थान : 14–06–2025, अहमदाबाद

### प्रपत्र ए

### सार्वजनिक उद्घोषणा

[भारतीय ऋणशोधनाक्षमता तथा दिवालिया बोर्ड (कॉर्पोरेट व्यक्तियों के लिए ऋणशोधनाक्षमता समाधान प्रक्रिया) विनियमावली 2016 के विनियम 6 के अंतर्गत]
जेनसोल ईवी लीज लिमिटेड (सीआईआरपी के अंतर्गत) के ऋणदाताओं के ध्यानार्थ

प्रासंगिक विवरण

| | | |
|---|---|---|
| 1. | कॉर्पोरेट देनदार का नाम | जेनसोल ईवी लीज लिमिटेड |
| 2. | कॉर्पोरेट देनदार के निगमीकरण की तिथि | 24.05.2023 |
| 3. | प्राधिकरण जिसके अंतर्गत कॉर्पोरेट देनदार निगमीकृत / पंजीकृत है | रजिस्ट्रार ऑफ कंपनीज, अहमदाबाद |
| 4. | कॉर्पोरेट देनदार की कॉर्पोरेट पहचान संख्या / सीमित दायित्व पहचान सं. | U77100GJ2023PLC141416 |
| 5. | कॉर्पोरेट देनदार के पंजीकृत कार्यालय और प्रधान कार्यालय (यदि कोई हो) का पता | वेस्टगेट बिजनेस बे, 15वाँ तल, ए ब्लॉक, मकरबा, जोधपुर चार रास्ता, अहमदाबाद, गुजरात– 380015 |
| 6. | कॉर्पोरेट देनदार के संबंध में ऋणशोधनाक्षमता आरंभ होने की तिथि | 13.06.2025 |
| 7. | ऋणशोधनाक्षमता समाधान प्रक्रिया के समापन की अनुमानित तिथि | 10.12.2025 |
| 8. | अंतरिम समाधान व्यवसायी के रूप में कार्य करनेवाले ऋणशोधनाक्षमता व्यवसायी का नाम और पंजीकरण संख्या | केशव खानेजा IBBI/IPA-002/IP-N01131/2021-2022/13759 |
| 9. | बोर्ड के साथ पंजीकृतानुसार अंतरिम समाधान व्यवसायी का पता और ई–मेल | khanejakes@gmail.com सी–7, पार्थ अपार्टमेंट, रामदेव नगर, सैटेलाइट, अहमदाबाद– 380015 |
| 10. | अंतरिम समाधान व्यवसायी के साथ पत्राचार हेतु उपयोग किया जानेवाला पता और ई–मेल | cirpgensolev@gmail.com 824, प्रथम तल, सेक्टर– 14, गुरुग्राम– 122001 |
| 11. | दावे प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि | 27.06.2025 |
| 12. | धारा 21 की उप–धारा (6ए) के उपवाक्य (बी) के अंतर्गत ऋणदाताओं की श्रेणियाँ, यदि कोई हों, जिन्हें अंतरिम समाधान व्यवसायी द्वारा सुनिश्चित किया गया है | एन. ए. |
| 13. | किसी वर्ग में ऋणदाताओं के प्राधिकृत प्रतिनिधि के रूप में कार्य करने हेतु चिन्हित ऋणशोधनाक्षमता व्यवसायियों के नाम (प्रत्येक वर्ग हेतु तीन नाम) | एन. ए. |
| 14 | (क) प्रासंगिक प्रपत्र और (ख) प्राधिकृत प्रतिनिधियों के विवरण यहाँ पर उपलब्ध हैं : | एन. ए. |

एतद्द्वारा यह सूचित किया जाता है कि राष्ट्रीय कंपनी विधिक न्यायाधिकरण ने 13–06–2025 को जेनसोल ईवी लीज लिमिटेड (सीआईआरपी के अंतर्गत) की एक निगमित ऋणशोधनाक्षमता समाधान प्रक्रिया आरंभ करने का आदेश दिया है।

जेनसोल ईवी लीज लिमिटेड (सीआईआरपी के अंतर्गत) के ऋणदाताओं को एतद्द्वारा प्रविष्टि सं. 10 के समक्ष वर्णित पते पर अंतरिम समाधान व्यवसायी के पास 27–06–2025 को अथवा इससे पूर्व साक्ष्य के साथ अपने दावे प्रस्तुत करने का आदेश दिया जाता है।

वित्तीय ऋणदातागण केवल इलेक्ट्रॉनिक माध्यमों द्वारा साक्ष्य के साथ अपने दावे प्रस्तुत करेंगे। समस्त अन्य ऋणदातागण व्यक्तिगत रूप में, डाक द्वारा अथवा इलेक्ट्रॉनिक माध्यमों से साक्ष्य सहित दावे प्रस्तुत कर सकते हैं। दावे के त्रुटिपूर्ण अथवा भ्रामक साक्ष्य प्रस्तुत करने पर दंडित किया जायेगा।

अंतरिम समाधान व्यवसायी
हस्ता./–
केशव खानेजा

दिनाँक तथा स्थान : 14–06–2025, अहमदाबाद


## राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग आयोग ने सरकार से ओबीसी सूची पर ब्योरा मांगा

नई दिल्ली, 14 जून (भाषा)।

राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग आयोग ने पश्चिम बंगाल सरकार से राज्य ओबीसी सूची की अधिसूचना से संबंधित सिफारिशों और सर्वेक्षण को साझा करने को कहा है। यह तृणमूल कांग्रेस और भाजपा के बीच राजनीतिक लड़ाई का केंद्र है।

राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग आयोग (एनसीबीसी) के अध्यक्ष हंसराज अहीर ने कहा कि जब पहले की ओबीसी सूची तैयार की गई थी, तब आयोग द्वारा मांगी गई जानकारी राज्य सरकार ने साझा नहीं की थी। बाद में उस सूची को कलकत्ता हाई कोर्ट ने रद्द कर दिया था।

उन्होंने कहा कि हमने उन्हें पुनः पत्र लिखा है। भाजपा ने मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के नेतृत्व वाली सरकार पर ओबीसी सूची तैयार करने में मुसलमानों को भारी तरजीह देने और हिंदू जातियों के हितों को नजरअंदाज करने का आरोप लगाया है।

राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग आयोग (एनसीबीसी) के पत्र में कहा गया है कि विस्तृत सर्वेक्षण के आधार पर 27 मई और तीन जून की अधिसूचनाओं के माध्यम से कई जातियों को उप–वर्गीकृत और पश्चिम बंगाल की राज्य ओबीसी सूची में अधिसूचित किया गया है।

आयोग ने पश्चिम बंगाल राज्य आयोग की सिफारिशों के साथ–साथ सम्पूर्ण सर्वेक्षण रपट और सभी सहायक दस्तावेज प्रस्तुत करने का अनुरोध किया है। इसमें कहा गया है कि यह जानकारी तीन कार्य दिवसों के भीतर उपलब्ध कराई जानी चाहिए। भाजपा के तुष्टीकरण की राजनीति के आरोपों के बीच बनर्जी ने राज्य विधानसभा में जोर देकर कहा था कि ओबीसी सूची तैयार करने में धर्म की कोई भूमिका नहीं है।

पश्चिम बंगाल में भाजपा के सह–प्रभारी अमित मालवीय ने कहा है कि 2010 की सूची में कुल 66 में से 11 मुसलिम जातियां थीं। उन्होंने कहा कि नई सूची में जोड़ी गई 51 जातियों में से 46 मुसलिम समुदाय से आती हैं। उन्होंने कहा कि अगर यह धर्म आधारित तुष्टीकरण नहीं है तो और क्या है?

# विमान हादसा : ब्रिटेन ने अहमदाबाद में 'सहायता केंद्र' स्थापित किया

नई दिल्ली, 14 जून (ब्यूरो)।

ब्रिटेन ने एअर इंडिया विमान दुर्घटना में जान गंवाने वाले अपने नागरिकों के परिवारों और मित्रों को सहायता प्रदान करने एवं परामर्श देने के लिए अहमदाबाद हवाई अड्डे के नजदीक एक होटल में 'सहायता केंद्र' स्थापित किया है। ब्रिटिश उच्चायोग ने शनिवार को यह जानकारी दी। अहमदाबाद से लंदन के गैटविक जा रही एअर इंडिया की उड़ान संख्या एआइ171 में दो पायलट और चालक दल के 10 सदस्य सहित 242 लोग थे। विमान उड़ान भरने के कुछ ही मिनट बाद एक मेडिकल कालेज परिसर में दुर्घटनाग्रस्त हो गया था। एअर इंडिया ने पुष्टि की है कि विमान में सवार 52 ब्रिटिश नागरिकों सहित 241 लोग दुर्घटना में मारे गए। इस हादसे में विमान में सवार एक व्यक्ति चमत्कारिक रूप से बच गया और उसका उपचार किया जा रहा है। हादसे में जीवित बचा व्यक्ति ब्रिटिश नागरिक है।

> *ब्रिटिश* उच्चायोग ने कहा, नागरिकों के परिवारों और मित्रों को सहायता देने के लिए यह कवायद की गई है।

ब्रिटिश उच्चायोग ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा कि ब्रिटेन ने 12 जून की विमान दुर्घटना के बाद ब्रिटिश नागरिकों के परिवारों और मित्रों को सहायता प्रदान करने एवं सलाह देने के लिए उम्मेद होटल में एक सहायता केंद्र स्थापित किया है। अहमदाबाद हवाई अड्डे के पास स्थित ब्रिटिश सहायता केंद्र प्रतिदिन सुबह नौ बजे से रात नौ बजे तक खुला रहेगा। भारत में ब्रिटिश उच्चायुक्त लिंडी कैमरन ने कहा कि उन्होंने शुक्रवार को अहमदाबाद में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से मुलाकात की और इसके एक दिन पहले हुई दुखद विमान दुर्घटना पर अपने देश की ओर से संवेदना व्यक्त की।

# मणिपुर में तीन सौ से अधिक राइफल, गोला–बारूद बरामद

## खुफिया जानकारी मिलने के बाद शुरू किया गया संयुक्त अभियान

इंफल, 14 जून (भाषा)।

मणिपुर में सुरक्षाबलों ने इंफल घाटी के पांच जिलों से 300 से अधिक राइफल समेत बड़ी मात्रा में हथियार और गोला–बारूद बरामद किए हैं। एक अधिकारी ने शनिवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि शुक्रवार और शनिवार की दरमियानी रात खुफिया सूचना पर आधारित एक समन्वित अभियान के दौरान मणिपुर पुलिस, केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बल (सीएपीएफ) और सेना की संयुक्त टीमों ने बड़ी मात्रा में हथियार बरामद किए।

अधिकारी ने कहा कि जब्त की गई वस्तुओं में 151 एसएलआर, 65 इंसास राइफल, 73 अन्य राइफल, पांच कार्बाइन, दो एमपी5 बंदूक, 12 हल्की मशीन गन, एके सीरीज की छह राइफल, दो अमोघ राइफल, एक मोर्टार, छह पिस्तौल, एक एआर–15 और दो फ्लेयर बंदूक शामिल हैं। अधिकारी ने बताया कि घाटी के विभिन्न जिलों–इंफाल पूर्व, इंफल पश्चिम, बिष्णुपुर, काकचिंग और थौबल में भारी मात्रा में हथियार और गोला–बारूद छिपाए जाने की खुफिया जानकारी मिलने के बाद एक संयुक्त अभियान शुरू किया गया, जिससे बड़ी मात्रा में बरामदगी हुई। उन्होंने कहा कि यह अभियान सामान्य स्थिति बहाल करने, लोक व्यवस्था बनाए रखने और जातीय हिंसा प्रभावित राज्य में लोगों और उनकी संपत्ति की सुरक्षा सुनिश्चित करने के निरंतर प्रयासों में सुरक्षा बलों के लिए एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है।

### मणिपुर में जबरन वसूली के आरोप में पांच उग्रवादी गिरफ्तार

मणिपुर के विभिन्न हिस्सों से जबरन वसूली के आरोप में पांच उग्रवादियों को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने बताया कि शुक्रवार को थौबल, काकचिंग, इंफल पश्चिम और तेंग्नौपाल जिलों से गिरफ्तारियां की गईं। 'यूनाइटेड पीपुल्स पार्टी आफ कांगलीपाक' के एक सदस्य को काकचिंग जिले के लैंगमीडोंग मैनिंग लेइकाई से गिरफ्तार किया गया। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि संदिग्ध की पहचान अकोईजाम राबिन्सन (51) के रूप में हुई है, जिस पर इंफल के स्कूलों से जबरन वसूली करने का आरोप है। उन्होंने कहा कि उसके पास से .32 पिस्तौल जब्त की गई है। प्रतिबंधित 'कांगलीपाक कम्युनिस्ट पार्टी' (नोयोन) के एक सदस्य को थौबल जिले के थौबल मेला ग्राउंड से गिरफ्तार किया गया, जबकि पीआरईपीएके (प्रो) और पीआरईपीएके के एक–एक सदस्य को तेंग्नौपल जिले के शांगतोंग में भारत–म्यांमा सीमा के पास से गिरफ्तार किया गया। केसीपी के एक सदस्य को इंफल पश्चिम जिले के लांगोल गेम गांव से गिरफ्तार किया गया। इंफल पूर्वी जिले के बरुनी हिल के खालोंग में एक अलग अभियान में सुरक्षाबलों ने तीन वाहन रेडियो सेट, 13 रेडियो वायरलेस हैंडहेल्ड सेट, सात वायरलेस सेट एंटीना, एक सोलर चार्जर कन्वर्टर और तीन सोलर प्लेट समेत अन्य सामान बरामद किया।

# बेटे व बहू को विदा करने हवाई अड्डे पहुंचे थे पिता, घर पहुंचते ही मिला जिंदगीभर का गम

जनसत्ता ब्यूरो
नई दिल्ली, 14 जून।

अनिल पटेल अपने बेटे और बहू को अहमदाबाद के सरदार वल्लभ भाई पटेल अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर छोड़ते समय बेहद खुश थे लेकिन वह इस बात से बिल्कुल अंजान थे कि ये उनके बच्चों की आखिरी यात्रा होगी।

अनिल के बेटे और बहू बिना किसी पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के उनसे मिलने आए था। मकसद था अचानक उन्हें देखकर पिता के चेहरे पर आई खुशियों को देखना। अनिल के बेटे हर्षित और बहू पूजा उन 242 लोगों में शामिल थे, जो लंदन जाने वाले एअर इंडिया के विमान में सवार थे। विमान, गुरुवार दोपहर अहमदाबाद के मेघाणी नगर इलाके में एक मेडिकल कालेज एवं अस्पताल के परिसर में दुर्घटनाग्रस्त हो गया था।

अनिल अब अस्पताल से उनके अवशेष लेने के लिए डीएनए मिलान का इंतजार कर रहे हैं। ब्रिटेन में रहने वाले हर्षित और पूजा दो वर्ष बाद पटेल को अचानक आकर खुश करने के लिए अहमदाबाद आए थे। बेहतर भविष्य की तलाश के लिए ब्रिटेन गए हर्षित एक ई–कामर्स कंपनी में काम कर रहे थे। कालेज में हर्षित को पूजा से प्यार हो गया और बाद में उन्होंने शादी कर ली। अनिल पटेल ने रोते हुए बताया, 'वे 10 दिन पहले मुझसे मिलने आए थे।' उन्होंने बताया कि पूजा का गर्भपात हो गया था और वह भारत में चिकित्सकों से परामर्श लेना चाहती थी। अनिल पटेल की पत्नी का भी देहांत हो चुका है और उनकी एक विवाहित बेटी भी है, जो शहर के नरोदा इलाके में रहती है। उन्होंने बताया, 'मैंने उन्हें (बेटे और बहू को) हवाई अड्डे पर विदा किया। उनके अंदर जाने के बाद मैं वहां से चला आया। मुझे दुर्घटना के बारे में समाचारों से ही पता चला।' पटेल ने अपना डीएनए नमूना दे दिया है और अपने बेटे व बहू के अवशेषों के बारे में अस्पताल से फोन आने का इंतजार कर रहे हैं।

## 'मार्च में इंजन की हुई थी मरम्मत, दिसंबर में होनी थी दुर्घटनाग्रस्त विमान की समग्र जांच'

नई दिल्ली, 14 जून (ब्यूरो)।

अहमदाबाद हवाई अड्डे से उड़ान भरने के तुरंत बाद 12 जून को दुर्घटनाग्रस्त हुए एअर इंडिया के बोइंग 787–8 ड्रीमलाइनर विमान की जून 2023 में समग्र रखरखाव जांच हुई थी और इस साल दिसंबर में उसकी फिर से समग्र जांच निर्धारित थी।

लंदन गैटविक जा रहा विमान गुरुवार को अहमदाबाद के बी जे मेडिकल कालेज के आवासीय छात्रावास में दुर्घटनाग्रस्त हो गया था। विमान में सवार 241 लोगों के अलावा जमीन पर मौजूद कई अन्य लोगों की भी मौत हो गई। अधिकारियों ने शनिवार को कहा कि विमान वीटी–एएनबी की जून 2023 में 'सी' (काम्प्रिहेंसिव) यानी व्यापक जांच हुई थी और अगली ऐसी जांच इस साल दिसंबर में निर्धारित थी। 'सी' जांच एआईईएसएल द्वारा की गई थी। अधिकारियों ने बताया कि लगभग 12 साल पुराने विमान के दाहिने हिस्से के इंजन की मरम्मत कर उसे मार्च 2025 में लगाया गया था, जबकि बाएं हिस्से के इंजन का निरीक्षण इंजन निर्माता के प्रोटोकाल के अनुसार अप्रैल 2025 में किया गया था। विमान जीई एयरोस्पेस द्वारा निर्मित जीईएनएक्स इंजन द्वारा संचालित था। अधिकारियों ने यह भी दावा किया कि इंजन या विमान में कोई समस्या नहीं थी। इस संबंध में एअर इंडिया की ओर से कोई आधिकारिक बयान नहीं आया। डीजीसीए ने शुक्रवार को एअर इंडिया के बोइंग 787–8/9 विमानों की सुरक्षा जांच बढ़ाने का आदेश दिया।

# बिहार में इंडिया गठबंधन का घटक न बनने से झामुमो में छाई मायूसी

जनसत्ता ब्यूरो
नई दिल्ली, 14 जून।

झारखंड में सत्तारूढ़ इंडिया गठबंधन की मुख्य घटक दल झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) बिहार विधानसभा चुनाव में सहयोगी पार्टियों द्वारा भाव न दिए जाने से मायूस है। बिहार में इंडिया गठबंधन में शामिल होकर विधानसभा चुनाव लड़ने की झामुमो की इच्छा पूरी नहीं हो पा रही है। इसलिए पार्टी ने स्वतंत्र रूप से सीमावर्ती विधानसभा सीटों पर तैयारी आरंभ कर दी है। इससे झारखंड में इंडिया गठबंधन में दरार के आसार बढ़ने लगे हैं।

बिहार में इस वर्ष अक्तूबर–नवंबर में होने वाले विधानसभा चुनाव की तैयारी आरंभ है। यहां इंडिया गठबंधन में कांग्रेस, राजद, भाकपा, माकपा, भाकपा (माले) और वीआइपी हैं। राज्य की 243 सीटों में से इन्हीं दलों के बीच बंटवारा होना है। हालांकि यहां पशुपति कुमार पारस की रालोजपा और असदुद्दीन ओवैसी की एआइएमआइएम भी इंडिया गठबंधन में शामिल होने की इच्छुक है। कई दौर के संवाद के बावजूद इन दलों की इंडिया गठबंधन में बात नहीं बन सकी है।

उधर, झारखंड में इंडिया गठबंधन में सत्ताधारी झामुमो के अलावा कांग्रेस, राजद और भाकपा (माले) है। इसी तर्ज पर झामुमो बिहार में भी गठबंधन का हिस्सा बनकर चुनाव लड़ना चाहता है। लेकिन इस बारे में बात आगे नहीं बढ़ सकी है। इससे नाराज झामुमो ने झारखंड के सीमावर्ती बिहार की 12 विधानसभा सीटों तारापुर, कटोरिया, मनिहारी, झाझा, बांका, ठाकुरगंज, रूपौली, रामपुर, बनमनखी, जमालपुर, पीरपैंती और चकाई पर स्वतंत्र रूप से चुनाव की तैयारी आरंभ कर दी है। झामुमो के महासचिव और केंद्रीय प्रवक्ता विनोद पांडेय ने ह्यजनसत्ताह्ल से बातचीत के दौरान 22 अप्रैल को ही यह संकेत दिया था कि उनकी पार्टी बिहार विधानसभा चुनाव लड़ने को इच्छुक है। उन्होंने यह भी कहा था कि झारखंड से सटे बिहार के 12–15 विधानसभा सीटों पर पार्टी की नजर है। अब स्थिति यह है कि पटना में इंडिया गठबंधन की कई बार हुई बैठकों में झामुमो को न तो आमंत्रित किया गया और न ही उसे शामिल किया गया।

## प्रपत्र 'ए' सार्वजनिक सूचना

[भारतीय दिवाला और दिवालियापन बोर्ड के विनियम 6 के अंतर्गत (कॉर्पोरेट व्यक्तियों के लिए दिवाला समाधान प्रक्रिया) विनियमावली, 2016]

**एसकेजीआई कंसल्टेंसी प्राइवेट लिमिटेड के लेनदारों के ध्यानार्थ हेतु (पूर्व में आरएडी कंसल्टेंसी प्राइवेट लिमिटेड के नाम से जाना जाता था)**

प्रासंगिक विवरण

| | | |
|---|---|---|
| 1. | कार्पोरेट देनदार का नाम | एसकेजीआई कंसल्टेंसी प्राइवेट लिमिटेड (पूर्व में आरएडी कंसल्टेंसी प्राइवेट लिमिटेड के नाम से जाना जाता था) |
| 2. | कार्पोरेट देनदार के निगमन की तिथि | 24.08.2011 |
| 3. | प्राधिकरण जिसके अधीन कार्पोरेट देनदार निगमित / पंजीकृत है | आरओसी-दिल्ली |
| 4. | कार्पोरेट देनदार की कार्पोरेट पहचान संख्या | U74140DL2011PTC224038 |
| 5. | कार्पोरेट देनदार के पंजीकृत कार्यालय तथा मुख्य कार्यालय का पता (यदि कोई) | पंजि. पताः प्लॉट नंबर-108 सैनिक एन्क्लेव सेक्टर-5, मोहन गार्डन, उत्तम नगर, पश्चिमी दिल्ली, नई दिल्ली, दिल्ली, भारत, 110059 **मुख्य कार्यालयः** कार्यालय संख्या 5–जी–25, गोपाला टॉवर राजेंद्र प्लेस, पटेल नगर (मध्य दिल्ली), नई दिल्ली 110008 |
| 6. | कार्पोरेट देनदार के संबंध में ऋण शोध अक्षमता आरंभन तिथि | 12.06.2025 |
| 7. | ऋण शोध अक्षमता समाधान प्रक्रिया के समापन की अनुमानित तारीख | 09.12.2025 (दिवालियापन आरंभ तिथि से 180 दिन दिनांक 12.06.2025 से प्रभावी) |
| 8. | अंतरिम समाधान प्रोफेशनल के रूप में कार्यरत ऋण शोध अक्षमता प्रोफेशनल का नाम और पंजीकरण संख्या | रंजन चक्रवर्ती IBBI/IPA-002/IP-N00541/2017-2018/11618 |
| 9. | अंतरिम समाधान प्रोफेशनल का पता और ई–मेल, जैसाकि बोर्ड में पंजीबद्ध है। | पताः- 1/22, द्वितीय तल, आसफ अली रोड, नई दिल्ली 110002 **पत्राचार पताः-** 17/D522, कोणार्क, वसुंधरा, गाजियाबाद (एनसीआर), यू.पी. – 201012 **ई-मेल आईडीः** ranjanns@gmail.com |
| 10. | अंतरिम समाधान प्रोफेशनल का पत्राचार हेतु प्रयुक्त, पता और ई–मेल | पताः 17/D522, कोणार्क, वसुंधरा, गाजियाबाद (एनसीआर), यू. पी. – 201012 **ई-मेलः** cirp.radcon@gmail.com |
| 11. | दावा प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि | 26.06.2025 |
| 12. | अंतरिम समाधान प्रोफेशनल द्वारा निर्धारित धारा 21 की उप–धारा (6ए) के खंड (बी) के तहत अभिनिश्चित लेनदारों की श्रेणियां, यदि कोई हो | लागू नहीं (आईआरपी के पास आज तक उपलब्ध जानकारी के अनुसार) |
| 13. | दिवाला पेशेवरों के नाम एक वर्ग में लेनदारों के अधिकृत प्रतिनिधि के रूप में कार्य करने के लिए पहचाना गया (प्रत्येक वर्ग के लिए तीन नाम) | लागू नहीं |
| 14. | (क) प्रासंगिक फॉर्म यहां उपलब्ध हैं (ख) अधिकृत प्रतिनिधियों का विवरण यहां उपलब्ध है | दावा प्रपत्र डाउनलोड करने के लिए वेब लिंकः https://ibbi.gov.in/en/home/downloads **भौतिक पताः** लागू नहीं, आईआरपी के पास आज तक उपलब्ध जानकारी के अनुसार |

एतदद्वारा सूचित किया जाता है कि राष्ट्रीय कंपनी विधि न्यायाधिकरण, नई दिल्ली, पीठ VI ने **12.06.2025** को **एसकेजीआई कंसल्टेंसी प्राइवेट लिमिटेड (पहले आरएडी कंसल्टेंसी प्राइवेट लिमिटेड के नाम से जाना जाता था)** की कॉर्पोरेट दिवालियापन समाधान प्रक्रिया शुरू करने का आदेश दिया है।

**एसकेजीआई कंसल्टेंसी प्राइवेट लिमिटेड (पहले आरएडी कंसल्टेंसी प्राइवेट लिमिटेड के नाम से जाना जाता था)** के लेनदारों से अनुरोध है कि वे प्रविष्टि संख्या 10 के सामने उल्लिखित पते पर अंतरिम समाधान पेशेवर को **26.06.2025** को या उससे पहले सबूत के साथ अपने दावे प्रस्तुत करें।

प्रविष्टि संख्या 12 के सामने सूचीबद्ध किसी वर्ग से संबंधित एक वित्तीय ऋणदाता को फॉर्म सी ए में वर्ग (वर्ग निर्दिष्ट करें), के अधिकृत प्रतिनिधि के रूप में कार्य करने के लिए प्रविष्टि संख्या 13 के सामने सूचीबद्ध तीन दिवालियापन पेशेवरों में से अपने अधिकृत प्रतिनिधि की पसंद का संकेत देना होगा।

**दावे के झूठे या भ्रामक प्रमाण प्रस्तुत करने पर दंड लगाया जाएगा।**

रंजन चक्रवर्ती, अंतरिम समाधान पेशेवर
एसकेजीआई कंसल्टेंसी प्राइवेट लिमिटेड
(पहले आरएडी कंसल्टेंसी प्राइवेट लिमिटेड के नाम से जाना जाता था)
IBBI पंजीकरण संख्याः- IBBI/IPA-002/IP-N00541/2017-2018/11618
प्रक्रिया आईडीः cirp.radcon@gmail.com

दिनांक : 15.06.2025
स्थान : नई दिल्ली

## प्रपत्र ए

सार्वजनिक उद्घोषणा

[भारतीय ऋणशोधनाक्षमता तथा दिवालिया बोर्ड (कॉर्पोरेट व्यक्तियों के लिए ऋणशोधनाक्षमता समाधान प्रक्रिया) विनियमावली 2016 के विनियम 6 के अंतर्गत]

**जेनसोल इंजीनियरिंग लिमिटेड (सीआईआरपी के अंतर्गत) के ऋणदाताओं के ध्यानार्थ**

प्रासंगिक विवरण

| | | |
|---|---|---|
| 1. | कॉर्पोरेट देनदार का नाम | जेनसोल इंजीनियरिंग लिमिटेड |
| 2. | कॉर्पोरेट देनदार के निगमीकरण की तिथि | 25.09.2012 |
| 3. | प्राधिकरण जिसके अंतर्गत कॉर्पोरेट देनदार निगमीकृत / पंजीकृत है | रजिस्ट्रार ऑफ कंपनीज, अहमदाबाद |
| 4. | कॉर्पोरेट देनदार की कॉर्पोरेट पहचान संख्या / सीमित दायित्व पहचान सं. | L74210GJ2012PLC129176 |
| 5. | कॉर्पोरेट देनदार के पंजीकृत कार्यालय और प्रधान कार्यालय (यदि कोई हो) का पता | 15वाँ तल, ए ब्लॉक, वेस्टगेट बिजनेस बे, एस जी रोड, जीवराज पार्क, अहमदाबाद, अहमदाबाद नगर, गुजरात, भारत, 380051 |
| 6. | कॉर्पोरेट देनदार के संबंध में ऋणशोधनाक्षमता आरंभ होने की तिथि | 13.06.2025 |
| 7. | ऋणशोधनाक्षमता समाधान प्रक्रिया के समापन की अनुमानित तिथि | 10.12.2025 |
| 8. | अंतरिम समाधान व्यवसायी के रूप में कार्य करनेवाले ऋणशोधनाक्षमता व्यवसायी का नाम और पंजीकरण संख्या | केशव खानेजा IBBI/IPA-002/IP-N01131/2021-2022/13759 |
| 9. | बोर्ड के साथ पंजीकृतानुसार अंतरिम समाधान व्यवसायी का पता और ई–मेल | khanejakes@gmail.com सी–7, पार्थ अपार्टमेंट, रामदेव नगर, सैटेलाइट, अहमदाबाद– 38001 |
| 10. | अंतरिम समाधान व्यवसायी के साथ पत्राचार हेतु उपयोग किया जानेवाला पता और ई–मेल | cirpgensolengg@gmail.com 824, प्रथम तल, सेक्टर– 14, गुरुग्राम– 122001 |
| 11. | दावे प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि | 27.06.2025 |
| 12. | धारा 21 की उप–धारा (6ए) के उपवाक्य (बी) के अंतर्गत ऋणदाताओं की श्रेणियाँ, यदि कोई हों, जिन्हें अंतरिम समाधान व्यवसायी द्वारा सुनिश्चित किया गया है | एन. ए. |
| 13. | किसी वर्ग में ऋणदाताओं के प्राधिकृत प्रतिनिधि के रूप में कार्य करने हेतु चिन्हित ऋणशोधनाक्षमता व्यवसायियों के नाम (प्रत्येक वर्ग हेतु तीन नाम) | एन. ए. |
| 14. | (क) प्रासंगिक प्रपत्र और (ख) प्राधिकृत प्रतिनिधियों के विवरण यहाँ पर उपलब्ध हैं : | एन. ए. एन. ए. |

एतद्द्वारा यह सूचित किया जाता है कि राष्ट्रीय कंपनी विधिक न्यायाधिकरण ने 13–06–2025 को जेनसोल इंजीनियरिंग लिमिटेड (सीआईआरपी के अंतर्गत) की एक निगमित ऋणशोधनाक्षमता समाधान प्रक्रिया आरंभ करने का आदेश दिया है।

जेनसोल इंजीनियरिंग लिमिटेड (सीआईआरपी के अंतर्गत) के ऋणदाताओं को एतद्द्वारा प्रविष्टि सं. 10 के समक्ष वर्णित पते पर अंतरिम समाधान व्यवसायी के पास 27–06–2025 को अथवा इससे पूर्व साक्ष्य के साथ अपने दावे प्रस्तुत करने का आदेश दिया जाता है।

वित्तीय ऋणदातागण केवल इलेक्ट्रॉनिक माध्यमों द्वारा साक्ष्य के साथ अपने दावे प्रस्तुत करेंगे। समस्त अन्य ऋणदातागण व्यक्तिगत रूप में, डाक द्वारा अथवा इलेक्ट्रॉनिक माध्यमों से साक्ष्य सहित दावे प्रस्तुत कर सकते हैं।

दावे के त्रुटिपूर्ण अथवा भ्रामक साक्ष्य प्रस्तुत करने पर दंडित किया जायेगा।

अंतरिम समाधान व्यवसायी
हस्ता./–
केशव खानेजा

दिनाँक तथा स्थान : 14–06–2025, अहमदाबाद

## प्रपत्र ए

**सार्वजनिक उद्घोषणा**

**[भारतीय ऋणशोधनाक्षमता तथा दिवालिया बोर्ड (कॉर्पोरेट व्यक्तियों के लिए ऋणशोधनाक्षमता समाधान प्रक्रिया) विनियमावली 2016 के विनियम 6 के अंतर्गत]**

**जेनसोल ईवी लीज लिमिटेड (सीआईआरपी के अंतर्गत) के ऋणदाताओं के ध्यानार्थ**

प्रासंगिक विवरण

| | | |
|---|---|---|
| 1. | कॉर्पोरेट देनदार का नाम | जेनसोल ईवी लीज लिमिटेड |
| 2. | कॉर्पोरेट देनदार के निगमीकरण की तिथि | 24.05.2023 |
| 3. | प्राधिकरण जिसके अंतर्गत कॉर्पोरेट देनदार निगमीकृत / पंजीकृत है | रजिस्ट्रार ऑफ कंपनीज, अहमदाबाद |
| 4. | कॉर्पोरेट देनदार की कॉर्पोरेट पहचान संख्या / सीमित दायित्व पहचान सं. | U77100GJ2023PLC141416 |
| 5. | कॉर्पोरेट देनदार के पंजीकृत कार्यालय और प्रधान कार्यालय (यदि कोई हो) का पता | वेस्टगेट बिजनेस बे, 15वाँ तल, ए ब्लॉक, मकरबा, जोधपुर चार रास्ता, अहमदाबाद, गुजरात– 380015 |
| 6. | कॉर्पोरेट देनदार के संबंध में ऋणशोधनाक्षमता आरंभ होने की तिथि | 13.06.2025 |
| 7. | ऋणशोधनाक्षमता समाधान प्रक्रिया के समापन की अनुमानित तिथि | 10.12.2025 |
| 8. | अंतरिम समाधान व्यवसायी के रूप में कार्य करनेवाले ऋणशोधनाक्षमता व्यवसायी का नाम और पंजीकरण संख्या | केशव खानेजा IBBI/IPA-002/IP-N01131/2021-2022/13759 |
| 9. | बोर्ड के साथ पंजीकृतानुसार अंतरिम समाधान व्यवसायी का पता और ई–मेल | khanejakes@gmail.com सी–7, पार्थ अपार्टमेंट, रामदेव नगर, सैटेलाइट, अहमदाबाद– 380015 |
| 10. | अंतरिम समाधान व्यवसायी के साथ पत्राचार हेतु उपयोग किया जानेवाला पता और ई–मेल | cirpgensolev@gmail.com 824, प्रथम तल, सेक्टर– 14, गुरुग्राम– 122001 |
| 11. | दावे प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि | 27.06.2025 |
| 12. | धारा 21 की उप–धारा (6ए) के उपवाक्य (बी) के अंतर्गत ऋणदाताओं की श्रेणियाँ, यदि कोई हों, जिन्हें अंतरिम समाधान व्यवसायी द्वारा सुनिश्चित किया गया है | एन. ए. |
| 13. | किसी वर्ग में ऋणदाताओं के प्राधिकृत प्रतिनिधि के रूप में कार्य करने हेतु चिन्हित ऋणशोधनाक्षमता व्यवसायियों के नाम (प्रत्येक वर्ग हेतु तीन नाम) | एन. ए. |
| 14 | (क) प्रासंगिक प्रपत्र और (ख) प्राधिकृत प्रतिनिधियों के विवरण यहाँ पर उपलब्ध हैं : | एन. ए. |

एतद्द्वारा यह सूचित किया जाता है कि राष्ट्रीय कंपनी विधिक न्यायाधिकरण ने 13–06–2025 को जेनसोल ईवी लीज लिमिटेड (सीआईआरपी के अंतर्गत) की एक निगमित ऋणशोधनाक्षमता समाधान प्रक्रिया आरंभ करने का आदेश दिया है।

जेनसोल ईवी लीज लिमिटेड (सीआईआरपी के अंतर्गत) के ऋणदाताओं को एतद्द्वारा प्रविष्टि सं. 10 के समक्ष वर्णित पते पर अंतरिम समाधान व्यवसायी के पास 27–06–2025 को अथवा इससे पूर्व साक्ष्य के साथ अपने दावे प्रस्तुत करने का आदेश दिया जाता है।

वित्तीय ऋणदातागण केवल इलेक्ट्रॉनिक माध्यमों द्वारा साक्ष्य के साथ अपने दावे प्रस्तुत करेंगे। समस्त अन्य ऋणदातागण व्यक्तिगत रूप में, डाक द्वारा अथवा इलेक्ट्रॉनिक माध्यमों से साक्ष्य सहित दावे प्रस्तुत कर सकते हैं।

दावे के त्रुटिपूर्ण अथवा भ्रामक साक्ष्य प्रस्तुत करने पर दंडित किया जायेगा।

अंतरिम समाधान व्यवसायी
हस्ता./–
केशव खानेजा

दिनाँक तथा स्थान : 14–06–2025, अहमदाबाद

## ऐक्सिस बैंक लि0 — कब्जे की नोटिस

रिटेल एसेट्स सेन्टरः प्रथम तल, जी–4/5 बी सेक्टर–4, गोमती नगर विस्तार, लखनऊ उ0प्र0–226010
रजिस्टर्ड ऑफिसः "त्रिशूल"–तृतीय तल, समर्थेश्वर मंदिर के सामने, लॉ गार्डन के पास, एलिसब्रिज, अहमदाबाद–380006

जबकि, अधोहस्ताक्षरी, **ऐक्सिस बैंक लि0** के प्राधिकारी, ने सिक्योरिटाइजशन एण्ड रिकन्स्ट्रक्शन ऑफ फाइनेन्शियल एसेट्स एण्ड एन्फोर्समेंट ऑफ सिक्योरिटी इंटरेस्ट एक्ट 2002 के अन्तर्गत तथा सिक्योरिटी इंटरेस्ट (इंफोर्समेंट) रूल्स, 2002 के नियम 3 के साथ पठित धारा 13(12) के अन्तर्गत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए उक्त एक्ट की धारा 13(2) के अन्तर्गत मांग नोटिस जारी किये गये। निम्न वर्णित उधारकर्ता राशि का भुगतान करने में असफल रहे है, अतः निम्न वर्णित उधारकर्ताओं को विशेष रूप से एवं सर्वसाधारण को एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि अधोहस्ताक्षरी ने उन्हें उक्त नियमों के नियम 8 के साथ पठित उक्त एक्ट की धारा 13(4) के अन्तर्गत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए सांकेतिक कब्जा ले लिया है। निम्न वर्णित उधारकर्ताओं को विशेष रूप से तथा सर्वसाधारण को एतद्द्वारा सावधान किया जाता है कि निम्न सम्पत्ति के साथ कोई सौदा न करें तथा निम्न सम्पत्ति के साथ किया जाने वाला कोई भी सौदा नीचे वर्णित बकाया राशि पर अतिरिक्त ब्याज, आकस्मिक व्यय, लागत, प्रभार इत्यादि सहित **एक्सिस बैंक लि.** के बंधक के विषयाधीन होगा। ऋणी/सह–ऋणी/बंधककर्ता एवं जमानतकर्ता का ध्यान सरफेसी एक्ट की धारा 13(8) की ओर आकृष्ट किया जाता है कि तय समय सीमा में बन्धक सम्पत्ति को रीडीम (मोचन) कर सकते हैं।

| खातेदार(रों)/गारन्टर(रों) के नाम एवं पता | बंधक/प्रभारित सम्पत्ति(यों) का विवरण | मांग सूचना नोटिस की तिथि | सांकेतिक कब्जा तिथि | मांग नोटिस के अनुसार बकाया राशि |
|---|---|---|---|---|
| 1. श्री दिनेश यादव पुत्र श्री राधा कृष्ण यादव, पता–कौरारा रोड, बाई पास सिरसागंज, शिकोहाबाद, फिरोजाबाद उ.प्र.–205151, 2. शकुंतला देवी पत्नी श्री राधा कृष्ण, **पता–1.** 327 नगला मान सिंह तिलयानी, फिरोजाबाद उ.प्र.–205151, **पता–2.** मकान नं0 193 स्थित वार्ड नं० 4, मौहल्ला–खेमगंज, कौरारा रोड, तहसील–सिरसागंज, जिला–फिरोजाबाद उ.प्र.–205151 | भूमि/सम्पत्ति, माप एरिया–178.91 वर्ग मी० मकान नं0 193 स्थित वार्ड नं0 4, मौहल्ला–खेमगंज, कौरारा रोड, तहसील–सिरसागंज, जिला–फिरोजाबाद उ.प्र.–205151, सम्पत्ति श्रीमती शकुंतला देवी के नाम, **चौहद्दी–पूरब**–श्री अशोक कुमार का मकान, **पश्चिम**–8 फीट चौड़ा रोड़, उत्तर–बिठौली का प्लॉट, **दक्षिण**–श्रीमती कुसुमलता पत्नी श्री महेश सिंह का प्लॉट | 30.11.2024 | 11.06.2025 | रू0 **18,25,373.78** & रू0 **70,079.30** दि. 27.11.2024 तक + देय ब्याज एवं अन्य खर्चे |
| 1. मै० यश कॉन्ट्रैक्टर, **पता**–भूप नगर, नुमाइश ग्राउण्ड चौधरी भूप नगर कोल्ड स्टोरेज प्रा. लि., कुरावली रोड, मैनपुरी उ0प्र0–205001, अपने प्रोपराइटर श्री यश यादव के माध्यम से, 2. श्री यश यादव पुत्र श्री रविन्द्र सिंह यादव, **पता–1.** बंशीगोहरा, मैनपुरी खास, जिला–मैनपुरी उ.प्र.–205001, **पता–2.** मौहल्ला–शीतला धाम, कुरावली रोड, चौधरी भूप सिंह कोल्ड स्टोर के नजदीक, मौजा–उद्दैतपुर अभाई परगना एवं तहसील–मैनपुरी, जिला–मैनपुरी–205001, | आवासीय सम्पत्ति माप एरिया–1716 वर्ग मी0, स्थित खसरा नं0 180, खतौनी नं. 19, मौहल्ला–शीतला धाम, मौजा–उद्देतपुर अभाई परगना एवं तहसील मैनपुरी, जिला–मैनपुरी, सम्पत्ति श्री यश यादव के नाम, **सेल डीड के अनुसार चौहद्दी–पूरब**–श्री महेन्द्र सिंह की कृषि भूमि, **पश्चिम**–श्री राकेश की कृषि भूमि, **उत्तर**–गन्धर्व सिंह की कृषि भूमि, **दक्षिण**–नाला, **साइट के अनुसार चौहद्दी–पूरब**–50.47 मी०, चौधरी भूप सिंह कोल्ड स्टोर, **पश्चिम**–50.47 मी० मैन रोड (कुरावली रोड), **उत्तर**–34 मी० आदर्श कृष्णा कॉलेज, **दक्षिण**–34 मी० मिथलेश यादव की सम्पत्ति | 08.05.2024 | 11.06.2025 | रू0 **82,67,044.75** दि. 08.05.2024 तक + देय ब्याज एवं अन्य खर्चे |
| 1. मै० नेशनल ट्रेडिंग कम्पनी **(ऋणी), पता–1.** कुँवर गांव, बदायूँ, उ.प्र.–243601, अपने प्रोपराइटर श्री सैय्यद हसन के माध्यम से, **पता–2.** (बंधक सम्पत्ति का पता) श्री सैय्यद हसन पुत्र श्री मोहम्मद अय्युव, निवासी–खसरा नं0 526, कुँवर गाँव, आँवला रोड, बदायूँ, उ.प्र.–243601, **2.** श्री सैय्यद हसन **(सह–ऋणी)** पुत्र श्री मुहम्मद अय्युव, **पता**–वार्ड नं0 8, कुँवर गाँव, बदायूं, उ.प्र.–243601, | **निर्मित**–भूमि/सम्पत्ति (आवासीय/वाणिज्यिक) माप एरिया–330.00 वर्ग मी०, स्थित खसरा नं० 526, कुँवर गाँव, आँवला रोड, बदायूं, उ.प्र.–243601, सम्पत्ति श्री सैय्यद हसन के नाम, **चौहद्दी**–पूरब–बदायूं आँवला रोड, पश्चिम–मूल चंद्र मौर्य का खेत, उत्तर–रास्ता, दक्षिण–शोएब की सम्पत्ति | 08.01.2025 | 12.06.2025 | रू0 **25,98,621.24** दि. 04.01.2025 तक + देय ब्याज एवं अन्य खर्चे |
| 1. मै० माँ जगदम्बे ट्रेडिंग कंपनी, **पता**–नवीन मण्डी स्थल, शिकोहाबाद, शिकोहाबाद, फिरोजाबाद, उ.प्र.–205135, अपने प्रोपराइटर श्री शैलेन्द्र कुमार के माध्यम से, 2. श्री शैलेन्द्र कुमार पुत्र श्री राजेन्द्र सिंह, **पता**–नगला उम्मेद, कटेनाहरसा, फिरोजाबाद, उ.प्र.–205145, 3. श्रीमती अनार देवी पत्नी श्री राजेन्द्र सिंह, **पता–1.** नगला उम्मेद, कटेना हरसा, फिरोजाबाद, कटेना हरसा, उ.प्र.–205145, **पता–2.** नगर पालिका नं. प्लाट नं0 सी–03, निकट आगरा इटावा रोड, इंडस्टियल एस्टेट, शिकोहाबाद, फिरोजाबाद, उ.प्र.–283141, | भूमि/सम्पत्ति (आवासीय/वाणिज्यिक) कवर्ड एरिया 478.47 वर्ग मी०, स्थित नगर पालिका नं0 प्लाट नं. सी–03, निकट आगरा इटावा रोड, इंडस्टियल एस्टेट, शिकोहाबाद, फिरोजाबाद, उ.प्र.–283141, सम्पत्ति श्रीमती अनार देवी के नाम, **वैल्युएशन रिपोर्ट के अनुसार चौहद्दीः**–पूरब–पिंकी का प्लॉट, पश्चिम–9 मी० चौड़ा रोड नं0 4, उत्तर–12 मी० चौड़ा रोड नं० 1, दक्षिण–श्री शतेन्द्र का प्लॉट | 04.12.2024 | 11.06.2025 | रू0 **24,71,455.00** दि. 27.11.2024 तक + देय ब्याज एवं अन्य खर्चे |
| 1. श्री प्रवीन कुमार पुत्र श्री सुरेश बाबू यादव 2. श्रीमती ममता यादव पत्नी श्री प्रवीन कुमार, **दोनों का पता**–मकान नं. 315ए, न्यू यादव कॉलोनी, नारायण कॉलेज के पीछे,शिकोहाबाद, फिरोजाबाद–205135, 3. श्री सुरेश बाबू पुत्र श्री फतेह सिंह, **पता–1.** 4 ख, विक्रमपुर, बाह आगरा–283104, **पता–2.** मकान नं. 315ए, न्यू यादव कॉलोनी, नारायण कॉलेज के पीछे, शिकोहाबाद, फिरोजाबाद–205135, 4. श्रीमती अशर्फी देवी पत्नी श्री सुरेश बाबू, पता–4 ख, विक्रमपुर बाह आगरा–283104 | भूमि/सम्पत्ति, माप एरिया–140.61 वर्ग मी0, मकान नं0 315ए, मोहम्मद माह, यादव कॉलोनी, तहसील शिकोहाबाद, जिला–फिरोजाबाद, सम्पत्ति श्रीमती अशर्फी देवी के नाम, **चौहद्दी**–पूरब–महेश चन्द एवं हरिश चन्द का प्लॉट, पश्चिम–8 फीट चौड़ी गली, उत्तर–प्रतिमा यादव का मकान, दक्षिण–शिव प्रसाद का मकान | 31.05.2024 | 11.06.2025 | रू0 **21,47,181.10** & रू0 **1,09,315.38** दि. 24.05.2024 तक + देय ब्याज एवं अन्य खर्चे |

**दिनांकः 15.06.2025** — **प्राधिकृत अधिकारी, एक्सिस बैंक लि0**

## गृहम हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड

GRIHUM

(पूर्व में पूनावाला हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड के नाम से जाना जाता था)
पंजीकृत कार्यालयः 6वीं मंजिल, बी बिल्डिंग, गंगा ट्रूनो, लोहेगांव, पुणे, महाराष्ट्र 411014

परिशिष्ट IV (नियम 8(1) देखें)
कब्जा सूचना
(अचल संपत्ति के लिए)

जबकि, नीचे हस्ताक्षरकर्ता **गृहम हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड** (पूर्व में पूनावाला हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड के नाम से जाना जाता था, जिसका नाम पूनावाला **हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड** से बदलकर **गृहम हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड** हो गया है, जो 17 नवंबर 2023 से प्रभावी है) (पूर्व में मैग्मा हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड के नाम से जाना जाता था और मूल रूप से जीई मनी हाउसिंग फाइनेंस पब्लिक अनलिमिटेड कंपनी के नाम से निगमित है) के प्राधिकृत अधिकारी होने के नाते, जिसे इसके बाद वित्तीय आस्तियों के प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 (इसके बाद ''उक्त अधिनियम'' के रूप में संदर्भित) के तहत उपरोक्त कॉर्पोरेट/रजिस्टर कार्यालय के सुरक्षित लेनदार के रूप में संदर्भित किया गया है और प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम 2002 के नियम 3 के साथ उक्त अधिनियम की धारा 13 (12) के तहत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, नीचे दिनांकित एक मांग नोटिस जारी किया है, जिसमें नीचे दिए गए उधारकर्ताओं से उक्त नोटिस की प्राप्ति की तारीख से 60 दिनों के भीतर नोटिस में उल्लिखित राशि चुकाने का आह्वान किया गया है। राशि वापस न करने के कारण, उधारकर्ताओं और आम जनता को यह सूचना दी जाती है कि नीचे हस्ताक्षरकर्ता ने उक्त अधिनियम की धारा 13 (4) के तहत उसे प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए प्रतिभूति हित प्रवर्तन नियम 2002 के नियम 8 के साथ 10 जून 2025 को नीचे वर्णित संपत्ति पर कब्जा कर लिया है। उधारकर्ताओं और आम जनता को विशेष रूप से संपत्ति से संबंधित कोई भी लेन–देन न करने की चेतावनी दी जाती है और संपत्ति से संबंधित कोई भी लेन–देन सुरक्षित ऋणदाता द्वारा राशि और उस पर ब्याज के प्रभार के अधीन होगा।

उधारकर्ता का ध्यान अधिनियम की धारा 13 की उप–धारा (8) के प्रावधानों की ओर आकर्षित किया जाता है, जो सुरक्षित परिसंपत्तियों को भुनाने के लिए उपलब्ध समय के संबंध में है। कब्जे में ली गई संपत्ति का विवरण नीचे दिया गया है।

| क्रं. सं. | उधारकर्ताओं का नाम | संपत्ति का विवरण | कब्जा लेने की तारीख | वैधानिक मांग सूचना की तारीख | मांग सूचना में राशि (रूपये) |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | रोहित कुमार, कोमल | फ्रीहोल्ड आवासीय का वह पूरा टुकड़ा, तीसरी मंजिल पर 2 फ्लैट एलआईजी (बाईं ओर) और एक सामने की ओर, दूसरा पीछे की ओर (दाईं ओर छत के साथ), क्षेत्रफल 83.6 वर्ग मीटर, प्लॉट नंबर डी–25, गनागा विहार, लोनी, गाजियाबाद, उत्तर प्रदेश पर निर्मित। निष्पादित बिक्री विलेख में विशेष रूप से उल्लेख किया गया है। और प्लॉट की सीमाएँ पूर्व–प्लॉट नंबर–डी–26एम पश्चिम–प्लॉट नंबर–डी–24, उत्तर–30 फीट चौड़ी सड़क, दक्षिण– अन्य प्लॉट। **माप क्षेत्रः– 83.6 वर्ग मीटर।** | 10/06/2025 | 08/10/2024 | ऋण संख्या HF0399H20100379 **रु. 2526476/–** (रुपये पच्चीस लाख छब्बीस हजार चार सौ छिहत्तर मात्र) **दिनांक 08/10/2024 को देय, वसूली तक 15 प्रति वर्ष की दर से ब्याज सहित।** |

स्थानः दिल्ली
दिनांकः 15.06..2025

हस्ता/- प्राधिकृत अधिकारी,
गृहम हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड, (पूर्व में पूनावाला हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड के नाम से जाना जाता था)

## CP CAPITAL Limited

(Erstwhile Career Point Limited)

Reg. Office: Village Tangori, Banur, Mohali, Punjab-140 601
Corp. Off.: CP Tower-1, Road No-1, IPIA, Kota, Rajasthan 324005
+91-744 3559282 | CIN: L64990PB2000PLC054497
Email: investors@cpil.in | Website: www.cpil.in

### खोया-पाया

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि भारतीय रिजर्व बैंक, नई दिल्ली, (क्षेत्रीय कार्यालय) द्वारा सीपी कैपिटल लिमिटेड के पक्ष में जारी किया गया मूल पंजीकरण प्रमाण पत्र (CoR) / दस्तावेज, जिनका एन.बी एफ सी लाइसेंस नम्बर –CHA12062 दिनांक 01/04/2025 अंकित है, वह अनजाने में ग्राम टंगोरी, बनूर, मोहाली, पंजाब–140601, क्षेत्र में भारतीय डाक विभाग द्वारा डाक वितरण के दौरान खो गया है/गुम हो गया है।

सभी से विनम्र अनुरोध है कि यदि किसी व्यक्ति /संस्था को उपरोक्त प्रमाण पत्र प्राप्त हो तो कृपया उसे निम्न पते पर लौटाये,या हमसे तुरंत संपर्क करें–

सीपी कैपिटल लिमिटेड C/O करियर पॉईंट गुरूकुल ग्राम बानूर, मोहाली, पंजाब–140601
मोहाली, पंजाब– 140601
संपर्क नंबर – 9352648690] 9887848785
ईमेल पता – manish-binju@cpuniverse.in, manmohan@cpuniverse.in
उक्त दस्तावेज/प्रमाण पत्र लौटाने वाले व्यक्ति को उचित पुरस्कार से सम्मानित किया जाएगा।

चेतावनी दी जाती है कि इस गुमशुदा दस्तावेज/प्रमाण पत्र का कोई भी दुरुपयोग या धोखाधड़ीपूर्ण उपयोग पूर्णतया गैरकानूनी है, और , ऐसे कृत्य के विरुद्ध कानूनी कार्रवाई की जा सकती है। आपके सहयोग के लिए, हम आपके आभारी रहेंगे।

सीपी कैपिटल लिमिटेड, की ओर से
मनीष बिन्जू
अधिकृत हस्ताक्षरकर्ता)

दिनांक. 15/06/2025